# Govt. Girls College, Sehore

E-Mail- heggcseh@Mp.Gov.In Website- www.ggcsehore.In
E-Mail- iqacggcsehore@Gmail.Com


**7.1.9 - Sensitization of students and employees of the institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens**

| Sr. No. | Name of Activities | Date |
|---|---|---|
| 1 | Chandra Shekhar Azad Jayanti | 24-07-23 |
| 2 | Voter Awareness | 10-08-23 |
| 3 | Independence Day | 15-08-23 |
| 4 | world entrepreneurship day (Special Lecture) | 21-08-23 |
| 5 | Khel Divas | 28-08-23 |
| 6 | Voter Awareness Relly | 07-10-23 |
| 7 | Voter Awareness Program (Oath) | 14-10-23 |
| 8 | Constitution Day | 26-11-23 |
| 9 | Mathematics Day | 22-12-23 |
| 10 | World Hindi day | 10-01-24 |
| 11 | Surya Namskar | 12-01-24 |
| 12 | Yoga Day | 12-01-24 |
| 13 | Driving License Camp | 13-01-24 |
| 14 | National Youth Day | 16-01-24 |
| 15 | Voter Awareness Program | 20-01-24 |
| 16 | Rashtriya Balika Divas | 24-01-24 |
| 17 | Voter’s Pledge | 25-01-24 |
| 18 | Republic Day | 26-01-24 |
| 19 | Voter Awareness Week | 21-02-24 |
| 20 | Voter Oath | 23-02-24 |

## Chandra Shekhar Azad Jayanti 24-07-2023






# Voter Awareness 10-08-2023

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया



सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में गुरुवार को प्राचार्य डॉ. गणेशलाल जैन की अध्यक्षता मे मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला सीहोर में पदस्थ सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता थे। प्रतियोगिता मे आस्था दिनकर बीए तृतीय वर्ष प्रथम यशवी शुक्ला, बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, एवं ऋचा शर्मा बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, लखन कलेशिया, रमाकंत रिछारिया थे। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इसमें गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कलिका डोलस, डॉ. राजेश बकोरिया, अमिता बैरागी, देवसिंह मालवीय, शिवम सक्सेना, ब्रिजेश विश्वकर्मा, नूरजहां मैडम आदि समस्त स्टॉफ एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन अक्षय तिवारी के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. रामविकास प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्राएं उपस्थित थे।





<u>**Independence Day 15-08-2023**</u>






# World Entrepreneurship Day (Special Lecture) 21-08-2023

हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 अगस्त 2023

सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

## कन्या महाविद्यालय में विश्व उद्यमिता विकास दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# उद्यमिता दिवस पर छात्राओं को सिखाए सफल उद्यमी के गुण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर





## Khel Divas 28-08-2023






खेल प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस

# खेल दिवस पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

[illegible]

## Voter Awareness Rally 07-10-2023






# Voter Awareness Program (Oath) 14-10-2023

हरिभूमि

भोपाल - सीहोर भूमि
Date 16 Oct 2023

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



सीहोर। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में श्यामपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही शासकीय कन्या महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और मतदाता जागरूकता के लिए महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर किया।



## Constitution Day 26-11-2023






## Mathematics Day 22-12-2023






## World Hindi Day 10-01-2024






## Surya Namskar  & Yuga Day 12-01-2024






## Driving License Camp 13-01-2024






**National Youth Day 16-01-2024**

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Bhopal Sehore Bhoomi - 17 Jan 2024 - Page 2

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा क्रीड़ा अधिकारी डॉ रवि स्वरूप विरहा के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया साथ ही छात्राओं ने अनुलोप विलोप प्राणयाम, और अन्य आसनो का भी अभ्यास किया। उन्होने छात्राओं को योग निरोग रहना एवं सकारात्मक ऊर्जा संचार का मुख्य स्त्रोत होने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात स्वामी विवेकानन्द द्वारा शिकागो में दिये गये ऐतिहासिक भाषण के अंश को छात्राओं ने सुनकर उनके विचारो से प्रेरणा ली। इसके साथ ही भोपाल आकाशवाणी से प्रसारित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी सुना। इसी अवसर पर ''राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें रिचा शर्मा, निकिता महेश्वरी, नैना तिवारी, संजना, अंजली, निकिता, आदि छात्राओं ने तथा शैक्षणिक स्टाफ डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, राम विकास प्रजापति, रवि विरहा, रमाकांत रिछारिया, देव सिंह मालवीय, अमिता बैरागी, नूरजहाँ हासमी, द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। इसके साथ ही माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नासिक में दिये गए संबोधन को छात्राओं ने सुना। महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जी.एन.जैन., रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री, ट्रैफिक पुलिस ए.एस.आई. शशिकांत मिश्रा ने छात्राओं को सड़को पर सुरक्षित चलने के नियम, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का महत्व, जेब्राकांसिंग स्टॉप लाइन, ट्रैफिक लाइट नियम, यातायात के संकेतो को समझाया।यातायात प्रभारी सूबेदार बी.एम धाकड़ ने छात्राओं को भोपाल नाके पर ले जाकर व्यवहारिक रूप से भी यातायात नियमों से अवगत कराया। अगले दिन महाविद्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन आर.टी.ओ रीतेश तिवारी के सहयोग से कम्प्यूटर आपरेटर हृदेश कुशवाहा एवं मजीद द्वारा लगाया गया जिसमें आनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को समझाया गया तथा लगभग 15 छात्राओं ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए एप्लाई भी किया।

# Voter Awareness Program 20-01-2024






# Rashtriya Balika Divas 24-01-2024




## सभी छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए: जिला न्यायाधीश और सचिव दांगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मुकेश कुमार दांगी जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजन के इतिहास के बारे में बताते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की बात कही गई, जिससे जीवन में तार्किकता की परख करने के बाद ही किसी कार्य को किया जावे।

उनके द्वारा महिलाओं के अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, इंटरनेट के विवेकपूर्ण प्रयोग एवं केरियर गाइडेंस के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया कि घटना होने पर चुप रहने से अच्छा है कि उसको अपने माता-पिता को बताकर उसका समाधान निकाला जावे क्योंकि हमारी चुप्पी ही अपराधी का मनोबल बढ़ाती है। जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, अध्ययन काल में शिक्षा प्राप्त करने को अपना प्राथमिक लक्ष्य बनाने एवं तहसील न्यायालय से माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक विधिक सेवा संस्थाओं के सम्बंध में विस्तार से बताया गया। युवा विकास मण्डल से कार्यक्रम प्रबंधक रितुराज दवण्डे एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विभाग रामविकास प्रजापति द्वारा उद्बोधन दिये गए।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनेकों प्रश्न पूछे गये जिनका जवाब छात्राओं को सरल शब्दों में विस्तृत रूप से दिया गया। उक्त कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कु. एकता सेना, कु. संयोगिता सोलंकी, युवा विकास मण्डल से जिला समन्वयक बाबू कलेशरिया, फेलो कार्यकर्ता श्रीमती कौशल्या मालवीय, जिला समन्वयक बबीता परमार, फिल्ड ऑफिसर सूर्यमणि शुक्ला, केश वर्कर कु० उमा विश्वकर्मा, काउंसलर उमेश राठौर, कार्यकर्ता संदीप मालवीय एवं रोहित सिंह, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

# Voter's Pledge 25-01-2024






## Republic Day 26-01-2024






## Voter Awareness Week 21-02-2024






## Voter Oath 23-02-2024







**Principal**
**Govt. Girls College,**
**Sehore**